पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत प्रदेश के 01 करोड़ 86 लाख उज्ज्वला परिवारों को 1,500 करोड़ रु0 की रसोई गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी का अन्तरण किया

## महिला लाभार्थियों को सब्सिडी के प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए

## होली के पहले घर की खुशी को और बढ़ाने के लिए डबल इंजन सरकार प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को एक भरा हुआ रसोई गैस सिलेण्डर उपलब्ध करा रही : मुख्यमंत्री

## प्रदेश की डबल इंजन सरकार महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए कार्य कर रही

## प्रधानमंत्री जी के अनुसार देश में केवल 04 जातियाँ–गरीब, किसान, महिला एवं युवा, इसमें सभी जातियाँ, पंथ, सम्प्रदाय, मत व मजहब समाहित, योजनाओं का लाभ सभी को 'सबका साथ, सबका विकास' मंत्र के साथ दिया जा रहा

## आज उ0प्र0 में 14 वर्ष तक की बालिकाओं के लिए सर्वाइकल कैंसर से जुड़ी समस्या के निदान हेतु एच0पी0वी0 टीकाकरण कार्यक्रम प्रारम्भ, 2,100 रु0 की वैक्सीन को 300 रु0 करने तथा इसे भी मुफ्त करने की व्यवस्था की जा रही

## मुख्यमंत्री महिला उद्यमी उत्पाद विपणन योजना के माध्यम से महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों के लिए क्वालिटी इम्प्रूवमेण्ट के साथ–साथ बाजार की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी, बजट की व्यवस्था की गई

## महिला उद्यमी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत महिलाओं को सरकार द्वारा गारण्टी एवं ब्याजमुक्त निश्चित धनराशि मार्जिन मनी के साथ बैंक से उपलब्ध करायी जाएगी

## सरकार द्वारा उचित दर दुकानों पर ई–पॉस मशीन लगायी गईं, इन्हें मॉडल शॉप बनाने के लिए धनराशि की व्यवस्था

**लखनऊ : 28 फरवरी, 2026**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि होली के पहले घर की खुशी को और बढ़ाने के लिए डबल इंजन सरकार प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को एक भरा हुआ रसोई गैस सिलेण्डर उपलब्ध करा रही है। यह समारोह पूरे प्रदेश में हो रहा है, जिससे लोग होली के अवसर पर अपनी ईंधन आवश्यकता की पूर्ति करने के साथ ही, त्योहार को और अधिक उत्साह से मना सकें। प्रदेश की डबल इंजन सरकार महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री जी आज यहाँ प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत प्रदेश के 01 करोड़ 86 लाख उज्ज्वला परिवारों को 1,500 करोड़ रुपये की रसोई गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी

के अन्तरण अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने महिला लाभार्थियों को सब्सिडी का प्रतीकात्मक चेक भी प्रदान किया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने यह सुविधा वित्तीय वर्ष 2023–24 से शुरू की थी। आज 1,500 करोड़ रुपये की धनराशि 01 करोड़ 86 लाख प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए जारी की जा रही है। वह इस धनराशि का उपयोग करते हुए अपनी नजदीकी गैस एजेन्सी से होली के पहले अथवा बाद में भरा हुआ सिलेण्डर प्राप्त कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री जी ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने देश में पहली बार गरीबों, अन्नदाता किसानों, महिलाओं तथा युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर शासन की योजनाओं के साथ जोड़ने का कार्य किया। प्रधानमंत्री जी का कहना है कि देश के अन्दर केवल 04 जातियाँ–गरीब, किसान, महिला एवं युवा हैं। इसमें सभी जातियाँ, पंथ, सम्प्रदाय, मत व मजहब समाहित हैं। योजना का लाभ सभी को 'सबका साथ, सबका विकास' मंत्र के साथ दिया जाता है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कोरोना महामारी को समाप्त हुए काफी समय बीत जाने के बाद भी आज देश में 80 करोड़ जरूरतमन्दों को निःशुल्क राशन की सुविधा मिल रही है। इसमें से 15 करोड़ लाभार्थी उत्तर प्रदेश के हैं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत देश के 10 करोड़ से अधिक तथा उत्तर प्रदेश के 01 करोड़ 86 लाख लोगों को सुविधा प्राप्त हुई। जिसको कभी भी सिलेण्डर की सुविधा प्राप्त नहीं हुई थी, उसे डबल इंजन सरकार ने यह सुविधा उपलब्ध करायी है।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत प्रधानमंत्री जी ने वर्ष में 09 रसोई गैस सिलेण्डर सब्सिडी दरों पर दिए जाने की पहले से व्यवस्था की है। इसमें कनेक्शन मुफ्त है। केन्द्र सरकार अनुमन्य प्रति सिलेण्डर 335 रुपये 40 पैसे की सब्सिडी दे रही है। यह धनराशि लाभार्थियों के बैंक खाते में वापस आ जाती है। इससे धनराशि का दुरुपयोग भी रुकता है और सब्सिडी की सम्पूर्ण धनराशि बैंक खाते में पहुँच जाती है।

आयुष्मान भारत योजना के तहत 50 करोड़ लोगों को 05 लाख रुपये तक की स्वास्थ्य सुविधा की गारण्टी मिली है। 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोग कहीं भी 05 लाख रुपये की कैशलेस की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। हाल ही में बेसिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा से जुड़े शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को भी कैशलेस सुविधा के साथ जोड़ने का कार्य किया गया है।

पहले सरकार जातीय खेमों में बँटी हुई थी। लोगों को आपस में लड़ाती थीं और माफियाओं का शासन में दखल था। अराजकता का माहौल था। बेटियाँ व व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। पर्व एवं त्योहारों के पूर्व उपद्रव हो जाते थे। जिसके परिणामस्वरूप त्योहारों में उत्साह भंग हो जाता था और कर्फ्यू लग जाता था। आज प्रदेश में कर्फ्यू नहीं लगता, दंगा नहीं होता है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कल ही उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य जर्मनी यात्रा से वापस आए हैं। श्री मौर्य ने प्रदेश में निवेश और उत्तर प्रदेश डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर की सम्भावनाओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। वर्ष 2017 से पूर्व उत्तर प्रदेश की ओर कोई नहीं देखता था। आज देश–दुनिया का प्रत्येक बड़ा निवेशक उत्तर प्रदेश आना चाहता है, क्योंकि उसे मालूम है कि सरकार उसे सुरक्षा भी दे सकती है और निर्णय लेकर उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान भी कर सकती है। जर्मनी, जापान एवं सिंगापुर सहित देश–दुनिया से होने वाला निवेश सम्पूर्ण प्रदेश को लाभान्वित करेगा। यहाँ के युवाओं को नौकरी व रोजगार मिलेगा तथा उन्हें सरकार की गारण्टी के साथ अन्य देशों में भेजा जा सकेगा। इसके लिए लगातार मेहनत करने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हम सभी प्रधानमंत्री जी के आभारी हैं कि उन्होंने देश को आगे बढ़ने का विजन दिया। इस विजन को ध्यान में रखते हुए सरकार महिलाओं के प्रति संवेदना, लोगों को बीमारी से मुक्ति, नौजवानों को रोजगार, अन्नदाता किसान के चेहरे पर खुशहाली, बेटियों की सुरक्षा, व्यापारियों को सम्मान के साथ अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज ही उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक द्वारा 14 वर्ष तक की बालिकाओं के लिए सर्वाइकल कैंसर से जुड़ी समस्या के निदान हेतु प्रदेश में एच0पी0वी0 टीकाकरण कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया है। हमारी बेटी सुरक्षित होगी, तो हमारा परिवार सुरक्षित होगा। 2,100 रुपये के वैक्सीन की कीमत को घटाकर न्यूनतम 300 रुपये करने तथा इसे भी मुफ्त करने की व्यवस्था की जा रही है। सरकार जब संवेदनशील होती है, तब वह समाज के बारे में सोचती है। प्रदेश सरकार के लिए राज्य की 25 करोड़ जनता ही उसका परिवार है। इसी परिवार की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन के लिए कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2026–27 के बजट में गरीबों, महिलाओं, किसानों और युवाओं को ध्यान में रखकर योजनाओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में लखपति दीदी, शी–मार्ट जैसे कार्यक्रम प्रारम्भ किए गए हैं। मुख्यमंत्री महिला उद्यमी उत्पाद विपणन योजना के माध्यम से महिला स्वयं

सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों के लिए क्वालिटी इम्प्रूवमेण्ट के साथ–साथ बाजार की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। इसके लिए बजट की व्यवस्था की गई है। महिला उद्यमी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत यदि कोई महिला उद्यमी बनना चाहती है, तो सरकार द्वारा उसे गारण्टी एवं ब्याजमुक्त निश्चित धनराशि बैंक से उपलब्ध करायी जाएगी। इसमें मार्जिन मनी भी दी जाएगी, जिससे वह अपने व्यवसाय को प्रारम्भ कर परिवार को स्वावलम्बन के पथ पर अग्रसर कर सकेंगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रयागराज और लखनऊ में मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनियों की स्थापना होने से लाखों महिलाएँ दुग्ध समितियों के माध्यम से स्वावलम्बन के मार्ग पर आगे बढ़ रही हैं। सेल्फ हेल्प एण्टरप्रेन्योर मार्ट (शी–मार्ट) के माध्यम से महिला समूहों को सीधे बाजार से जोड़ने की व्यवस्था की गई है। 'बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ', 'प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना' जैसे कार्यक्रम पहले से संचालित हैं। 'मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना' के माध्यम से बेटी के जन्म से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई की व्यवस्था की गई है। 'मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना' के तहत पुत्री के विवाह हेतु 01 लाख रुपये की धनराशि सरकार द्वारा उपलब्ध करायी जाती है। बेटियों को पहले लोग उपेक्षित मानते थे, अब सरकार बेटियों का कन्यादान कर रही है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज प्रदेश में सुरक्षा का माहौल है। परिणामस्वरूप महिला श्रमबल 13 प्रतिशत से बढ़कर 36 प्रतिशत हो गया है। आज महिलाएँ सरकारी नौकरियों, उद्योगों तथा समाज के अलग–अलग क्षेत्रों में स्वावलम्बन और आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूती के साथ आगे बढ़ रही हैं। गाँवों में रोजगार की अनेक सुविधाएँ उपलब्ध हुई हैं। आज गाँव की ही बेटी बी0सी0 सखी तथा विद्युत सखी के रूप में कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार समाज के हर तबके को स्वावलम्बन की दिशा आगे बढ़ाने के लिए प्राथमिकता के साथ कार्य कर रही है।

प्रदेश सरकार आंगनबाड़ी तथा आशावर्कर के मानदेय को क्रमिक रूप से बढ़ाने जा रही है। पहले उचित दर की दुकानों में ई–पॉस मशीनें नहीं थीं। यहाँ पर बहुत शिकायतें मिलती थीं। सरकार द्वारा इन उचित दर की दुकानों पर ई–पॉस मशीन लगायी गई हैं। उचित दर की दुकानों को मॉडल शॉप बनाने के लिए धनराशि की व्यवस्था की गई है। यह मॉडल शॉप्स राशन के साथ ही नशीले पदार्थों को छोड़कर सभी वस्तुओं की बिक्री कर सकती हैं।

मुख्यमंत्री जी ने प्रदेशवासियों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि होली का पर्व समता का पर्व है। पर्व और त्योहार शान्तिपूर्ण तरीके से उत्साह और उमंग के साथ मनाये जाने चाहिए। यह पर्व बधाई देने के साथ ही, आपसी वैर–भाव को समाप्त

करने का अवसर प्रदान करता है। पर्व व त्योहार का लाभ लम्बे समय तक आने वाली पीढ़ी तभी ले पाएंगी, जब हम इसकी पवित्रता और मर्यादा को बनाये रखेंगे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने उत्तर प्रदेश के बलिया से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरुआत की थी। अब तक देश में 10 करोड़ से अधिक घरों में रसोई गैस सिलेण्डर पहुँच चुका है। डबल इंजन सरकार अमीर व गरीब के अन्तर को कम करने का कार्य कर रही है। पात्र लोगों को प्रधानमंत्री आवास व मुख्यमंत्री आवास प्राप्त हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश में 01 करोड़ महिलाएँ स्वयं सहायता समूहों से जुड़ रही हैं। आने वाले समय में हम लोग 02 करोड़ महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने जा रहे हैं। 30 लाख महिलाएँ लखपति दीदी बन चुकी हैं। हमारी योजना 01 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने की है। प्रदेश में आज महिलाएँ बिना भय के कहीं भी आ–जा सकती हैं। गुण्डागर्दी से मुक्ति, महिलाओं का सशक्तिकरण, गरीबी के खिलाफ निर्णायक जंग, सुशासन जैसे कार्यों को डबल इंजन सरकार प्राथमिकता से आगे बढ़ा रही है।

उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के आधार पर जन–जन को जोड़ने का कार्य सरकार की योजनाएँ कर रही हैं। पहले खाना बनाते समय धुँए के कारण माताओं–बहनों की आँखों में आँसू आ जाते थे और उनके स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ता था। प्रधानमंत्री जी ने माताओं–बहनों की इस पीड़ा व वेदना को समझा और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस का कनेक्शन प्रदान करने का कार्य किया। आज देश में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं। वर्ष 2017 से पूर्व प्रदेश में गुण्डे, माफिया, अपराधी हावी थे। बहन–बेटियों की सुरक्षा खतरे में थी, किन्तु आज हमारी बहन–बेटियाँ अपने आपको सुरक्षित महसूस करती हैं। बिना भेदभाव के पात्र लोगों को आवास, शौचालय, शुद्ध पेयजल, चिकित्सा सुविधाओं इत्यादि का लाभ प्राप्त हो रहा है।

प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद श्री रणवीर प्रसाद ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण तथा शासन–प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

———————

***PN-CM-PM Ujjwala Cylinder Refill Distribution-28 February, 2026***